स्वच्छता पखवाड़े के अंर्तगत आयोजित स्वैच्छिक श्रमदान में साफ–सफाई करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की आर्यभट्ट इकाई के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक

दिनांक : 02 अक्टूबर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना की आर्यभट्ट इकाई के द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंर्तगत स्वैच्छिक श्रमदान के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर से सोनबरसा बालापार प्राथमिक विद्यालय तक स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्वैच्छिक श्रमदान रैली में झाड़ू बहार कर रैली का शुभारभ किया। रैली को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही स्वच्छता के प्रति समर्पण होना होगा। जिससे घर आंगन, विद्यालय से स्वच्छता की शुरुआत कर स्वच्छ भारत का संकल्प पूरा किया जा सकता है। स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक जीवनशैली होनी चाहिए। आइए, हम सब मिलकर अपने आसपास को साफ रखें और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें। जिसमें विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम महंत दिग्विजयनाथ हॉस्पिटल से नर्सिंग कॉलेज, बालापर प्राथमिक विद्यालय पर साफ–सफाई करने के साथ सम्पूर्ण बाहरी परिसर के फुलवारी और इत्यादि की सफ़ाई एवं उसे व्यवस्थित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के आर्यभट्ट इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय ने विद्यार्थियों को बताया कि सरकार और कई गैर सरकारी संगठन स्वच्छता अभियानों का आयोजन कर रहे हैं। हमें इन अभियानों में भाग लेना चाहिए और अपने योगदान से समाज को जागरूक करना चाहिए।

रैली में प्रमुख रूप से डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. विकास कुमार संत, डॉ. अमित दुबे, डॉ. धीरेंद्र सिंह, उप कुलसचिव श्री श्रीकांत जी, डॉ. पवन कुमार कनौजिया, डॉ. प्रेरणा त्रिपाठी, डॉ. किरण कुमार, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. अवेधनाथ सिंह, डॉ. अंकिता मिश्रा, डॉ. कीर्ति कुमार यादव, डॉ. अखिलेश दुबे, श्री धनंजय पांडेय, श्री अनिल कुमार, श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय, श्रीमती रश्मि झा, सृष्टि यदुवंशी, श्री जन्मेजय सोनी, मिताली, श्री अनिल कुमार मिश्रा, श्री अनिल शर्मा सहित सभी विभागों के शिक्षकगण उपस्थित रहें।